e-Mail
महत्वपूर्ण

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या : 03/01/के0यो0– MRR (भुगतान)– 12/2022 ......2910......

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0,
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी अपर समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना, दिनांक :– 17/10/2022

विषय :– अंचल स्तरीय डाटा केन्द्र–सह–आधुनिक अभिलेखागार (अंचल अभिलेख भवन) के क्रियान्वयन एवं इस हेतु सामग्रियों का क्रय एवं लंबित भुगतान इत्यादि की समीक्षा **मुख्य सचिव, बिहार** द्वारा किए जाने से पूर्व आवश्यक सूचना उपलब्ध कराने हेतु विडियो कॉन्फ्रेंन्सिग के माध्यम से बैठक आयोजित करने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक– 37 दिनांक 05.01.2022, पत्रांक– 305 दिनांक 10.02.2022, पत्रांक– 23334 दिनांक 09.05.2022, पत्रांक– 2016 दिनांक 16.08.2022, पत्रांक– 93 दिनांक 13.01.2021, विभागीय पत्रांक– 371 दिनांक 31.03.2022, निदेशालय पत्रांक– 979 दिनांक 02.05.2022 एवं पत्रांक– 2691 दिनांक 29.09.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्रों का कृपया संदर्भ किया जाय। निदेशालय के विभिन्न पत्रों के माध्यम से जिला में चयनित अंचलों के अंचल स्तरीय डाटा केन्द्र–सह–आधुनिक अभिलेखागार को कार्यकारी बनाने हेतु आवश्यक दिशा–निदेश एवं आवंटन/राशि उपलब्ध कराया गया। साथ ही समय–सीमा के अन्दर उपकरण/उपस्करों इत्यादि का किए गए क्रय, आपूर्तिकर्त्ता एजेंसियों का भुगतान आदि का कार्य निश्चित रूप से अद्यतन करने के साथ ही इन केन्द्रों को कार्यकारी बनाने तथा भौतिक सत्यापन का कार्य भी **दिनांक 25.08.2022** से पूर्व सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था।

विभिन्न जिलों में चयनित एजेंसी द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से सूचित किया गया है कि कतिपय कारणों से उनका भुगतान लबित है। इस संदर्भ में मुख्य सचिव, बिहार द्वारा मामले की समीक्षा हेतु दिनांक 21.10.2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे तिथि निर्धारित है।

प्रसंगाधीन मामले में आज दिनांक 17.10.2022 को अपर समाहर्त्ताओं की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में मामले की समीक्षा की गई तथा इस हेतु **दिनांक 19.10.2022 को अपराह्न 4:00 बजे विडियो कॉन्फ्रेंन्सिग के माध्यम से** राज्य के अपर समाहर्त्ताओं के साथ बैठक आयोजित करने तथा अद्यतन प्रतिवेदन से अवगत कराने का निदेश विभागीय अपर मुख्य सचिव द्वारा दिया गया है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि दिनांक 19.10.2022 को अपराह्न 4:00 बजे विडियो कॉन्फ्रेंन्सिग के माध्यम से आयोजित बैठक से पूर्व इसे कार्यकारी बनाने हेतु उपकरण/उपस्करों इत्यादि का किए गए क्रय, आपूर्तिकर्त्ता एजेंसियों का भुगतान आदि का कार्य निश्चित रूप से अद्यतन करने के साथ ही इन केन्द्रों को कार्यकारी बनाने तथा भौतिक सत्यापन का कार्य से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय तथा ससमय बैठक में भाग लेने की कृपा की जाय। बैठक से संबंधित लिंक ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दिया जायेगा।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
17/10/22

D:\Satish-2022\Samrajya Sir\Director\12-2022-17-10-2022.doc

ज्ञापांक : 03/01/के0यो0– MRR (भुगतान)– 12/2022 2910 **पटना, दिनांक** : 17/10/2022

प्रतिलिपि : सभी समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं अपने स्तर से भी अपर समाहर्त्ताओं को निदेशित करने हेतु प्रेषित।

17/10/22

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/01/के0यो0– MRR (भुगतान)– 12/2022 2910 **पटना, दिनांक** : 17/10/2022

प्रतिलिपि : प्रभारी, आई0 टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विडियो कॉन्फ्रेंन्सिग के माध्यम से आयोजित बैठक हेतु लिंक उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

17/10/22

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/01/के0यो0– MRR (भुगतान)– 12/2022 2910 **पटना, दिनांक** : 17/10/2022

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/10/22

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/01/के0यो0– MRR (भुगतान)– 12/2022 2910 **पटना, दिनांक** : 17/10/2022

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/10/22

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2022\Samrajya Sir\Director\12-2022-17-10-2022.doc